Title: Need for early start of Train between Delhi-Raksol and Amritsar- Darbhanga.

डा. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया): महोदय, १२वीं लोक सभा में तत्कालीन रेल मंत्री जी ने अपने रेल बजट प्रस्तुत करते समय कुछ गाड़ियों को चलाए जाने के संबंध में घोषणा की थी। गाड़ी संख्या ४०४८ एवं ४०४७ दिल्ली-रक्सौल के बीच एक जुलाई, १९९९ से चलाई जानी थी। उसी बजट भाषण में एक नई गाड़ी अमृतसर-दरभंगा जनसेवा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या ५२१२ एवं ५२११ दरभंगा से नरकटियागंज होते हुए अमृतसर तक चलाई जानी थी। इस संबंध में इस मार्ग पर पड़ने वाले सभी स्टेशनों को गाड़ी के ठहराव एवं प्रस्थान का समय निर्धारित कर सूचित कर दिया गया था तथा रेल के टाइम टेबल में भी इन गाड़ियों के प्रचालन के समय की सूचना दी गई है। फिर भी ये दोनों गाड़ियां बजट भाषण के नौ महीने के बाद भी रेल प्रशासन के द्वारा नहीं चलाई जा सकी है। कारण पूछने पर पदाधिकारियों ने मुझे मौखिक रूप से सूचित किया है कि कारगिल युद्ध एवं लोक सभा के चुनाव की वजह से इन गाड़ियों को नहीं चलाया जा सका है। आज लोक सभा का चुनाव एवं कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद भी गाड़ियों का नहीं चलना दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरे क्षेत्र के लोग रेलवे ट्रैक पर १५ नवम्बर से बैठने जा रहे हैं।

अतः मैं मांग करता हूं कि सदन रेलवे बोर्ड को निदेश दे कि १५ नवम्बर के पहले इन गाड़ियों को प्रपरिचालन अविलंब शुरु किया जाए।